St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text: (1st Term) **(AnswerWorksheet –1)** **Date: 02.07.2020**
Topic: भारत प्यारा **Class -4**

निम्न प्रश्नो के उत्तर लिखो :-

1 हमारा देश कैसा है ? ऋषि - मुनि कौन होते है ?

उ -हमारा देश बहुत प्यारा है | यह संसार के सब देशो से न्यारा है | हमारे देश से ही ज्ञान का प्रकाश चारों दिशाओं में फैला है | ऋषि - मुनि ज्ञानी और विद्वान् होते है | वे अपने ज्ञान से सबको सही मार्ग दिखाते है|

2 हमारे देश की पवित्र नदी कौन सी है ? उसके बारे में लिखो |

उ -हमारे देश की सबसे पवित्र नदी गंगा है | यह हिमालय के गोमुख से निकलती है |गंगा नदी का जल पूजा के काम आता है | इस नदी के किनारे बहुत से तीर्थ स्थान है | गंगा पर्वत से बहकर मैदान में उतरती है और वहां की भूमि को उपजाऊ बनती है|

3 इस कविता में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को कैसे उजागर किया है ?

उ -'वसुधैव कुटुंबकम ' की भावना का अर्थ है - सारी धरती हमारे परिवार की तरह है | प्राचीन काल से हमारे ऋषि - मुनियों ने पुरे संसार में ज्ञान का प्रकाश फैलाया | हमने किसी में भेद- भाव नहीं किया | हमने शरण में आये लोगो को प्रेम से गले लगाया | हमारे महापुरुषों ने सदा विश्व को सत्य , अहिंसा और मानवता का पाठ पढ़ाया है |

4 हमारा देश 'प्राकृतिक का उपहार ' कैसे है ?

उ- हमारा देश ' प्राकृतिक का उपहार ' है | यहाँ कहीं पर ऊँचे पहाड़ है तो कहीं सुन्दर घाटियाँ | कहीं पर कल - कल करती नदियां है तो कहीं तेज़ झरने है | पेड़ -पौधे और सुन्दर फूल यहाँ की सुंदरता को बढ़ाते है | यहाँ के खेत फसलों से सजे चारों ओर हरियाली बिखेरते है |

Poonam Mehra